उत्तर प्रदेश शासन
वित्त (लेखा-परीक्षा) अनुभाग-1
संख्या-12/2025/I/1179876/2025-10-24001(002)/4/2025-3-
लखनऊ ; दिनांक: 18-12-2025

कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के अन्तर्गत ज्येष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर तैनात श्री हरेन्द्र कुमार(ज्येष्ठता क्रमांक-338) को विभागीय चयन समिति की संस्तुति के आधार पर सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, मैट्रिक्स लेवल-8 ग्रेड पे- 4800 के रिक्त पद पर उनके आसन्न कनिष्ठ श्री अशोक कुमार(ज्येष्ठता क्रमांक-339) की पदोन्नति तिथि 29.06.2024 से नोशनल पदोन्नति किये जाने की श्री राज्यपाल इस शर्त के साथ स्वीकृति प्रदान करते हैं कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त नोशनल अवधि के लिए पद उपलब्ध है या अधिसंख्य पद सृजित करा लिया गया है।

2. पदोन्नत कार्मिक को, योगदान देने की तिथि से सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0 के पद पर वास्तविक रूप से पदोन्नत माना जायेगा।

3. उक्त पदोन्नत कार्मिक की प्रोन्नति के पद पर तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किये जायेंगे।

जय शंकर दुबे
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. सम्बन्धित कोषाधिकारी/मुख्य कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी।
4. सम्बन्धित मण्डल के उप निदेशक/जिला लेखा परीक्षा अधिकारी/सहायक निदेशक द्वारा निदेशक।
5. सम्बन्धित कार्मिक द्वारा निदेशक, सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
जय शंकर दुबे
विशेष सचिव।

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।**
2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.gov.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**